# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 16/06/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** वह राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए जिस पर 16% वार्षिक ब्याज दर से 3 वर्षों में साधारण ब्याज के रूप में ₹1,320 प्राप्त होंगे?

**Ans**
- ✗ A. 633.6
- ✗ B. 1,375
- ✓ C. 2,750
- ✗ D. 5,500

**Q.2** एक समांतर चतुर्भुज में एक कोण 70° है। अन्य तीन कोणों का माप ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 70°, 90°, 110°
- ✓ B. 70°, 110°, 110°
- ✗ C. 70°, 70°, 70°
- ✗ D. 110°, 110°, 110°

**Q.3** दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) क्रमशः 15 और 225 हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म वे संख्याएँ हो सकते हैं?

**Ans**
- ✓ A. 45 और 75
- ✗ B. 15 और 75
- ✗ C. 25 और 65
- ✗ D. 25 और 135

**Q.4** A और B की वर्तमान आयु का अनुपात 4:5 है। यदि 8 वर्ष बाद A की आयु 32 वर्ष होगी, तो B की वर्तमान आयु कितनी होगी?

**Ans**
- ✓ A. 30 वर्ष
- ✗ B. 28 वर्ष
- ✗ C. 34 वर्ष
- ✗ D. 32 वर्ष

**Q.5** एक दुकानदार, A को एक वस्तु 20% के लाभ पर बेचता है। A उसे B को 25% के लाभ पर बेचता है। यदि B इसके लिए ₹3,000 का भुगतान करता है, तो दुकानदार के लिए वस्तु का क्रय मूल्य क्या है?

**Ans**
- ✓ A. ₹2,000
- ✗ B. ₹2,080
- ✗ C. ₹2,200
- ✗ D. ₹2,100

Test Prime By Adda247

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

1,50,000+ Mock Tests

25,000+ Previous Year Papers

800+ Exam Covered

500% Refund on Selection

5 lakh+ Free Quizzes

Daily Free PDFs

Job Alerts Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

All India Rankings

Compete with lakhs.

Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime

Adda Education • Education

Installed

DOWNLOAD THE APP

Q.6 3, 7, 11, ..., 51 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 27
- ✘ B. 23
- ✘ C. 35
- ✘ D. 31

Q.7 यदि $6^x - 6^{x-1} = 30$ है, तो $\frac{2x-1}{2x+3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. $\frac{3}{7}$
- ✘ B. $\frac{3}{4}$
- ✘ C. $\frac{3}{11}$
- ✘ D. $\frac{3}{9}$

Q.8 एक दुकानदार ने एक वाशिंग मशीन का मूल्य ₹24,000 अंकित किया। एक त्योहार के दौरान, उसने 20% की छूट दी तथा उसके बाद ₹800 और कम करके बेच दिया। वाशिंग मशीन का अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. ₹18,400
- ✘ B. ₹17,600
- ✘ C. ₹19,200
- ✘ D. ₹18,800

Q.9 दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 44 है और उनका गुणनफल 228 है। उनके बीच का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 32
- ✘ B. 37
- ✘ C. 36
- ✘ D. 33

Q.10 तीन मित्रों - अमित, बाला और चेतन की बचत का अनुपात 5 : 7 : 9 है। यदि बाला की बचत, अमित की बचत से ₹3,600 अधिक है, तो चेतन की कुल बचत कितनी है?

Ans
- ✘ A. ₹16,600
- ✔ B. ₹16,200
- ✘ C. ₹16,800
- ✘ D. ₹16,400

Q.11 एक 30 मीटर ऊँची इमारत पर एक ऊर्ध्वाधर संचार टावर लगा हुआ है। इमारत से 70 मीटर की दूरी पर स्थित एक बिंदु से, टावर के ऊपरी और निचले सिरे के उन्नयन कोण क्रमशः 30° और 60° हैं। टावर की ऊँचाई (m में) कितनी है?

Ans
- ✘ A. $30\sqrt{3}$
- ✔ B. $70\sqrt{3} - 30$
- ✘ C. $\frac{70\sqrt{3}}{2} + 30$
- ✘ D. $70\sqrt{3} + 30$

Q.12 एक कंपनी का राजस्व पहले वर्ष में 20% बढ़ जाता है, दूसरे वर्ष में 10% घट जाता है और तीसरे वर्ष में 15% बढ़ जाता है। तीन वर्षों में राजस्व में समग्र प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 23.2% की वृद्धि
- ✗ B. 25.2% की वृद्धि
- ✓ C. 24.2% की वृद्धि
- ✗ D. 26.2% की वृद्धि

Q.13 एक टंकी दो नलों - C और D के माध्यम से क्रमशः 54 मिनट और 81 मिनट में भर जाती है। टंकी के तल में एक निकास नल E भी है। यदि तीनों नलों को एक साथ खोला जाता है, तो टंकी 108 मिनट में भर जाती है। निकास नल E अकेले टंकी को कितने मिनट में (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) खाली कर सकता है?

Ans
- ✗ A. 49.24
- ✗ B. 42.06
- ✓ C. 46.29
- ✗ D. 45.64

Q.14 36 और 48 के तृतीयानुपाती तथा 49 और 64 के तृतीयानुपाती का अनुपात क्या है?

Ans
- ✗ A. 16:25
- ✓ B. 49:64
- ✗ C. 38:41
- ✗ D. 3:5

Q.15 यदि ₹5,000 की धनराशि को 8% वार्षिक ब्याज दर (वार्षिक रूप से संयोजित) से चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश किया जाता है, तो 2 वर्ष बाद अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

Ans
- ✓ A. ₹832
- ✗ B. ₹816
- ✗ C. ₹800
- ✗ D. ₹840

Q.16 दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 13 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 13 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 2
- ✓ B. 1
- ✗ C. 4
- ✗ D. 3

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 11 से विभाज्य है?

Ans
- ✗ A. 447255
- ✗ B. 869756
- ✓ C. 978626
- ✗ D. 112044

Q.18 दो ट्रेनें P और Q की लंबाई क्रमशः 200 m और 300 m है। पीछे से आ रही तेज़ ट्रेन, समान दिशा में चलते हुए, धीमी ट्रेन को ओवरटेक करने में 48 सेकंड का समय लेती है। जब वे विपरीत दिशाओं से एक-दूसरे की ओर आती हैं, तो वे 20 सेकंड में एक-दूसरे को पार कर जाती हैं। तेज़ ट्रेन की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 62.75 km/h
- ✓ B. 63.75 km/h
- ✗ C. 60.75 km/h
- ✗ D. 61.75 km/h

**Q.19** एक दुकानदार दो प्रकार की नोटबुक खरीदता है। पहली प्रकार की 3 नोटबुक और दूसरी प्रकार की 5 नोटबुक की कुल कीमत ₹420 है। दूसरी प्रकार की एक नोटबुक की कीमत, पहली प्रकार की एक नोटबुक की कीमत से ₹20 अधिक है। पहली प्रकार की एक नोटबुक की कीमत क्या है?

**Ans**

✗ A. ₹45

✗ B. ₹42

✓ C. ₹40

✗ D. ₹48

**Q.20** पांच संख्याओं का औसत 24 है। यदि इनमें से चार संख्याएँ 18, 20, 25 और 27 हैं, तो पाँचवीं संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ A. 30

✗ B. 32

✗ C. 35

✗ D. 28

**Q.21** यदि 1.2x = 0.5y है, तो $\frac{x+y}{x-y}$ का मान ज्ञात करें।

**Ans**

✗ A. $\frac{14}{3}$

✓ B. $-\frac{17}{7}$

✗ C. $\frac{12}{5}$

✗ D. $-\frac{21}{4}$

**Q.22** एक व्यक्ति घर से कार्यालय तक की कुल दूरी का $\frac{3}{5}$ भाग ट्रेन से, $\frac{1}{4}$ भाग कार से और शेष 300 मीटर पैदल तय करता है। घर से कार्यालय तक की कुल दूरी (किलोमीटर में) कितनी है?

**Ans**

✗ A. 3

✓ B. 2

✗ C. 4

✗ D. 5

**Q.23** यदि किसी माता और उसकी पुत्री की उम्र के बीच का अंतर 24 वर्ष है, और उनकी उम्र का योग 52 वर्ष है, तो माता की उम्र (वर्षों में) कितनी है?

**Ans**

✓ A. 38

✗ B. 36

✗ C. 28

✗ D. 40

**Q.24** एक वस्तु को 10% और 20% की दो क्रमिक छूटों पर बेचा जाता है। इसके मूल्य में हुई नेट प्रतिशत कमी कितनी है?

**Ans**

✗ A. 34%

✓ B. 28%

✗ C. 30%

✗ D. 32%

Q.25 संख्याओं 7, 12.4 और 1 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 440
- ✗ B. 442
- ✓ C. 434
- ✗ D. 441

Q.26 1 इकाई मोटाई और 14 इकाई लंबाई वाले एक खोखले बेलन का निर्माण धातु की 396 घन इकाई से किया गया है। इसका आंतरिक आयतन _____ घन इकाई होगा। ($\pi = \frac{22}{7}$ मानिए)

Ans
- ✗ A. 730
- ✗ B. 636
- ✓ C. 704
- ✗ D. 676

Q.27 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 27% और 39% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 39%, 7% और 40% की क्रमिक छूट
(C) पहले 9 खिलौनों पर 26% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 13% की छूट
(D) 9 खिलौने खरीदने पर 7 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 9 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
- ✗ A. A
- ✓ B. C
- ✗ C. D
- ✗ D. B

Q.28 यदि $2^{(x+1)} \times 4^{(y-2)} = 32$ है और $x = 3y$ है, तो $y$ का मान कितना है?

Ans
- ✗ A. 1.5
- ✗ B. 1.4
- ✓ C. 1.6
- ✗ D. 1

Q.29 20 cm त्रिज्या वाले एक बेलनाकार टैंक में 10 cm की ऊंचाई तक जल भरा है। यदि 30 ठोस गोले, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 7 cm है, जल में पूरी तरह से डुबोए जाएं, तो जल स्तर में कितनी वृद्धि (cm में) होगी? (π = 3.14 का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✓ A. 34.3 cm
- ✗ B. 28.7 cm
- ✗ C. 36.5 cm
- ✗ D. 32.4 cm

Q.30 एक दुकानदार क्रय मूल्य पर चावल बेचने का दावा करता है, लेकिन गलत वजन का उपयोग करके 25% का लाभ अर्जित करता है।
1 kg के स्थान पर वह वास्तव में कितना चावल देता है?

Ans
- ✗ A. 850 gm
- ✗ B. 900 gm
- ✓ C. 800 gm
- ✗ D. 750 gm

Section : **General Awareness**

**Q.31** सूर्य और पृथ्वी के बीच विशाल रिक्त आकाश (vast empty space) के बावजूद, ऊष्मा स्थानांतरण की कौन-सी पद्धति पृथ्वी को गर्म करने में सूर्य को सक्षम बनाती है?

**Ans**
- ✗ A. रोधन
- ✓ B. विकिरण
- ✗ C. संवहन
- ✗ D. चालन

**Q.32** वह कौन-सा महाद्वीप है जिसकी विशाल बर्फ की चादरों के कारण औसत ऊँचाई सबसे अधिक है?

**Ans**
- ✗ A. अफ्रीका
- ✓ B. अंटार्कटिका
- ✗ C. दक्षिण अमेरिका
- ✗ D. यूरोप

**Q.33** कौन-सी युक्ति, प्रोसेसिंग, मेमोरी और इनपुट/आउटपुट घटकों को एक संहत एकक में एकीकृत करने के लिए अभिकल्पित की गई है?

**Ans**
- ✗ A. मदरबोर्ड (Motherboard)
- ✓ B. माइक्रोकंट्रोलर (Microcontroller)
- ✗ C. माइक्रो बोर्ड (Micro Board)
- ✗ D. सिस्टम बस (System Bus)

**Q.34** भारत के प्रधानमंत्री द्वारा पुणे मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का उद्घाटन किस वर्ष किया गया था?

**Ans**
- ✓ A. 2022
- ✗ B. 2015
- ✗ C. 2018
- ✗ D. 2020

**Q.35** 1991 के आर्थिक संकट ने सुधारों के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य किया। भारत के 1991 के आर्थिक संकट का मुख्य कारण क्या था?

**Ans**
- ✗ A. तेल की कीमतों में गिरावट
- ✗ B. स्वर्ण भंडार में वृद्धि
- ✗ C. कृषि अधिशेष
- ✓ D. उच्च राजकोषीय और चालू खाता घाटा

**Q.36** दिसंबर 2025 में, निम्नलिखित में से किस न्यायालय ने 26 दिसंबर 2025 को अवकाश घोषित किया है और अपनी शीतकालीन छुट्टियों (Winter Vacation) की शुरुआत उसी तिथि से आगे बढ़ा दी है?

**Ans**
- ✗ A. गुवाहाटी उच्च न्यायालय
- ✗ B. मद्रास उच्च न्यायालय
- ✗ C. इलाहाबाद उच्च न्यायालय
- ✓ D. दिल्ली उच्च न्यायालय

**Q.37** भारत में, सूती वस्त्र उत्पादन और लोहा एवं इस्पात निर्माण जैसी गतिविधियां किस क्षेत्र के अंतर्गत शामिल हैं?

**Ans**
- ✓ A. द्वितीयक क्षेत्र
- ✗ B. प्राथमिक क्षेत्र
- ✗ C. तृतीयक क्षेत्र
- ✗ D. चतुर्थक क्षेत्र

**Q.38** कर्नाटक में कुद्रेमुख किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
- ✔ A. लौह अयस्क
- ✗ B. मैंगनीज
- ✗ C. कॉपर
- ✗ D. बॉक्साइट

**Q.39** जनवरी 2025 में विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum) की वार्षिक बैठक कहाँ आयोजित की गई?

Ans
- ✗ A. कोपेनहेगन, डेनमार्क
- ✗ B. ओस्लो, नॉर्वे
- ✔ C. दावोस-क्लोस्टर्स, स्विट्ज़रलैंड
- ✗ D. स्टॉकहोम, स्वीडन

**Q.40** किस प्रमुख युद्ध के बाद अंग्रेजों ने बंगाल पर नियंत्रण प्राप्त किया था?

Ans
- ✗ A. वांडीवाश का युद्ध
- ✔ B. प्लासी का युद्ध
- ✗ C. बक्सर का युद्ध
- ✗ D. पानीपत का युद्ध

**Q.41** निम्नलिखित में से किस राज्य में बटेश्वर मेला प्रायः दीपावली से कुछ दिन पहले लगभग तीन सप्ताह की अवधि के लिए आयोजित किया जाता है?

Ans
- ✗ A. छत्तीसगढ़
- ✗ B. मध्य प्रदेश
- ✔ C. उत्तर प्रदेश
- ✗ D. बिहार

**Q.42** गगनयान मिशन से 2025 में सैफरान इंडिया (Safran India) के राजस्व में ~70% की वृद्धि होने की अपेक्षा थी, जो किस पहल के अनुरूप है?

Ans
- ✗ A. स्किलिंग भारत
- ✗ B. डिजिटल इंडिया
- ✗ C. क्लीन एनर्जी पुश
- ✔ D. मेक इन इंडिया

**Q.43** निम्नलिखित में से किस पुष्यभूति शासक ने हूणों को परास्त करके अपनी स्थिति को सुदृढ़ किया था?

Ans
- ✔ A. प्रभाकरवर्धन
- ✗ B. हर्षवर्द्धन
- ✗ C. नरवर्धन
- ✗ D. राज्यवर्धन

**Q.44** सकल नामांकन अनुपात की अवधारणा __________ से संबंधित है।

Ans
- ✔ A. शिक्षा क्षेत्र
- ✗ B. स्वास्थ्य क्षेत्र
- ✗ C. परिवहन क्षेत्र
- ✗ D. बैंकिंग क्षेत्र

**Q.45** निम्नलिखित में से कौन-सी, पवन क्रिया द्वारा निर्मित एक निक्षेपण भू-आकृति है?

Ans
- ✔ A. बरखान (Barchan)
- ✗ B. यारडांग (Yardang)
- ✗ C. इन्सेलबर्ग (Inselberg)
- ✗ D. मोरेन (Moraine)

Q.46 दिसंबर 2024 में भारतीय रिज़र्व बैंक के 26वें गवर्नर के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?

Ans
- ✔ A. संजय मल्होत्रा
- ✘ B. माइकल पात्रा
- ✘ C. रघुराम राजन
- ✘ D. पूनम गुप्ता

Q.47 किस एल्बम के कारण प्रसिद्ध भारतीय वायलिन वादक डॉ. एल. सुब्रमण्यम को 1981 में ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था?

Ans
- ✘ A. वेस्ट मीट्स ईस्ट (West Meets East)
- ✘ B. इटरनल मेलोडीज़ (Eternal Melodies)
- ✘ C. म्यूजिक फेस्टिवल ऑफ इंडिया (Music Festival of India)
- ✔ D. फैंटेसी विद ट्रुथ (Fantasy With Truth)

Q.48 फरवरी 2026 में इजराइल की संसद द्वारा निम्नलिखित में से किस देश के प्रधानमंत्री को 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✘ A. स्पेन
- ✘ B. बेल्जियम
- ✔ C. भारत
- ✘ D. लक्ज़मबर्ग

Q.49 1920 के कलकत्ता अधिवेशन में गांधीजी द्वारा अपनाई गई असहयोग नीति का मुख्य भाग कौन-सा उपाय था?

Ans
- ✘ A. परिषदों में सुधारों के लिए बातचीत करने हेतु विधायी सीटों को स्वीकार करना
- ✘ B. साम्राज्यवादी आर्थिक नीतियों को प्रभावित करने के लिए व्यापारिक वार्ताओं में भागीदारी
- ✔ C. खादी को अपनाने के साथ-साथ स्कूलों, अदालतों और परिषदों का बहिष्कार
- ✘ D. औपनिवेशिक भर्ती का विरोध करने के लिए सशस्त्र ग्राम रक्षकों की स्थापना

Q.50 विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम में, जब डेडिकेटेड पावर सेवर प्लान सक्रिय होता है, तो ऑपरेटिंग सिस्टम महत्वपूर्ण रूप से एनर्जी सेव करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक तकनीकी तंत्र नियोजित करता है, जिसके परिणामस्वरूप सिस्टम के रिस्पॉन्स और परफॉर्मेंस में उल्लेखनीय कमी आती है?

Ans
- ✘ A. CPU के सबसे तेज मेमोरी घटकों द्वारा खपत की जाने वाली पावर को कम करने के लिए प्रत्येक कुछ सेकंड में कैश मेमोरी (cache memory) को तेजी से खाली करना
- ✘ B. ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट (GPU) को पूरी तरह से निष्क्रिय करना और डिस्प्ले रेंडरिंग के सभी कार्यों को GPU पर स्थानांतरित करना
- ✔ C. अधिकतम गणना क्षमता (computational capacity) और तापीय उत्सर्जन (thermal output) को सीमित करने के लिए अधिकतम प्रोसेसर स्थिति (क्लॉक स्पीड/फ्रीक्वेंसी) को कम करना
- ✘ D. हार्ड डिस्क का स्पिन-डाउन टाइम (spin-down time) बढ़ाना, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्राइव निष्क्रिय रहे और इसमें शून्य मैकेनिकल पावर की खपत हो

Q.51 भारत के संविधान के अनुसार, ________ राज्य का विधितः प्रमुख होता है।

Ans
- ✔ A. राज्यपाल
- ✘ B. शिक्षा मंत्री
- ✘ C. मुख्यमंत्री
- ✘ D. उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

Q.52 केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (CAT) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

Ans
- ✘ A. 1990
- ✘ B. 1995
- ✔ C. 1985
- ✘ D. 1980

Q.53 भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, आपात स्थिति के दौरान भाग III द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रवर्तन के निलंबन का प्रावधान करता है?

Ans
- ✔ A. अनुच्छेद 359
- ✘ B. अनुच्छेद 357
- ✘ C. अनुच्छेद 358
- ✘ D. अनुच्छेद 356

Q.54 जगन्नाथ मंदिर की वास्तुकला शैली मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस परंपरा से संबंधित है?

Ans
- ✘ A. वेसर शैली
- ✔ B. कलिंग शैली
- ✘ C. होयसल शैली
- ✘ D. द्रविड़ शैली

Q.55 वह कौन सा शब्द है जो प्रति इकाई क्षेत्रफल में प्रति सेकंड प्राप्त ध्वनि ऊर्जा का वर्णन करता है?

Ans
- ✘ A. प्रतिध्वनि
- ✘ B. आवृत्ति
- ✔ C. तीव्रता
- ✘ D. तारत्व

Q.56 रवि शंकर किस शास्त्रीय वाद्य यंत्र को बजाने में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध हैं?

Ans
- ✘ A. सरोद
- ✘ B. बांसुरी
- ✘ C. तबला
- ✔ D. सितार

Q.57 निम्नलिखित में से किस सूत्र का उपयोग करके विद्युत ऊर्जा की गणना की जा सकती है?

Ans
- ✘ A. ऊर्जा = शक्ति ÷ समय
- ✔ B. ऊर्जा = शक्ति × समय
- ✘ C. ऊर्जा = वोल्टेज × धारा
- ✘ D. ऊर्जा = धारा × प्रतिरोध

Q.58 निम्नलिखित में से कौन-सा प्रमाण यह दर्शाता है कि मध्यजीवी युग (Mesozoic era) के दौरान महान भारतीय रेगिस्तान कभी समुद्र के नीचे था?

Ans
- ✘ A. काली मृदा की उपस्थिति
- ✘ B. ज्वालामुखीय राख की परतें
- ✘ C. हिमनदीय निक्षेप
- ✔ D. समुद्री निक्षेप और लकड़ी के जीवाश्म

Q.59 निम्नलिखित में से कौन कलिंग के चेदि (महामेघवाहन) वंश का शासक था?

Ans
- ✘ A. गौतमीपुत्र सातकर्णी (Gautamiputra Satakarni)
- ✘ B. पुष्यमित्र शुंग (Pushyamitra Shunga)
- ✔ C. खारवेल (Kharavela)
- ✘ D. कनिष्क (Kanishka)

Q.60 "सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय" किस क्रांति से लिया गया है?

Ans
- ✘ A. फ्रांसीसी क्रांति
- ✘ B. अमेरिकी क्रांति
- ✘ C. गौरवपूर्ण क्रांति
- ✔ D. रूसी क्रांति

Q.61 20-सूत्री आर्थिक कार्यक्रम मूल रूप से 1975 में मुख्य रूप से किस उद्देश्य हेतु शुरू किया गया था?

Ans
- ✗ A. व्यापार नीतियों के उदारीकरण के लिए
- ✗ B. सरकारी उधार में कटौती करने के लिए
- ✗ C. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए
- ✓ D. सामाजिक-आर्थिक सुधारों में तेजी लाने के लिए

Q.62 आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार, अक्टूबर 2025 में भारत में 15 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR) कितना था?

Ans
- ✗ A. 42.5%
- ✗ B. 48.5%
- ✓ C. 52.5%
- ✗ D. 50.1%

Q.63 किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह सिद्धांत प्रतिपादित किया कि संसद भारतीय संविधान की 'मूल संरचना' में परिवर्तन नहीं कर सकती है?

Ans
- ✗ A. मिनर्वा मिल्स मामला
- ✗ B. गोलकनाथ मामला
- ✗ C. शंकरी प्रसाद मामला
- ✓ D. केशवानंद भारती मामला

Q.64 इनमें से कौन-सा कीबोर्ड शॉर्टकट चयनित टेक्स्ट या ऑब्जेक्ट को कॉपी करने के लिए उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✓ A. Ctrl + C
- ✗ B. Ctrl + S
- ✗ C. Ctrl + V
- ✗ D. Ctrl + F

Q.65 भारतीय परिषद अधिनियम, 1909 द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान लाया गया था?

Ans
- ✗ A. भारत में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना
- ✗ B. वायसराय पद की समाप्ति
- ✗ C. सभी भारतीयों के लिए सार्वभौमिक मताधिकार
- ✓ D. मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचन मंडल की शुरूआत

Q.66 यदि आप किसी परिपथ में प्रवाहित होने वाले विद्युत आवेश की मात्रा मापते हैं, तो परिणाम को रिकॉर्ड करने के लिए आप किस SI मात्रक का उपयोग करेंगे?

Ans
- ✗ A. ओम
- ✓ B. कूलॉम
- ✗ C. वोल्ट
- ✗ D. एम्पियर

Q.67 विंडोज 11 में प्रोग्रामों को खुला रखते हुए पॉवर बचाने के लिए कंप्यूटर को अस्थायी रूप से बंद करने के लिए किस ऑप्शन का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. Restart
- ✗ B. Shut Down
- ✓ C. Hibernate
- ✗ D. Wake Up

**Q.68** अक्टूबर 2025 में, किस देश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड ऑर्डर ऑफ मुगुंगवा (Grand Order of Mugunghwa)' प्रदान किया?

**Ans**
- ✔ A. दक्षिण कोरिया
- ✗ B. जापान
- ✗ C. भूटान
- ✗ D. चीन

**Q.69** भारत के संविधान की 11वीं अनुसूची में ________ सूचीबद्ध हैं।

**Ans**
- ✗ A. नगर पालिकाओं के लिए 18 विषय
- ✗ B. समवर्ती सूची विषय
- ✗ C. मौलिक कर्तव्य
- ✔ D. पंचायतों के लिए 29 विषय

**Q.70** SDG सूचकांक 2025 में, भारत ने निम्नलिखित स्कोर में से कौन-सा स्कोर प्राप्त किया है?

**Ans**
- ✗ A. 72.3
- ✗ B. 61.5
- ✗ C. 57.0
- ✔ D. 67.0

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.71** छह बॉक्स R, S, T, U, V और X एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
S के नीचे केवल एक बॉक्स को रखा गया है। U के ऊपर केवल एक बॉक्स को रखा गया है। U और V के बीच केवल एक बॉक्स को रखा गया है। T को S के ठीक नीचे रखा गया है। R को X के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है।
X और T के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक
- ✔ C. चार
- ✗ D. तीन

**Q.72** सात व्यक्ति H, I, J, K, W, Y और Z, एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। K, Z के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। J के दाईं ओर से गिनती करने पर, J और K के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J और I के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H, W के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✗ A. H
- ✔ B. W
- ✗ C. I
- ✗ D. K

**Q.73** एक निश्चित कूट भाषा में,
A = B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A * B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'W = F $ K * L @ G' है, तो W का G से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✔ A. पत्नी के पिता की बहन का पुत्र
- ✗ B. बहन का पुत्र
- ✗ C. पिता की बहन का पुत्र
- ✗ D. पत्नी की बहन का पुत्र

Q.74 यदि संख्या 3219854 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. एक का भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✓ D. एक

Q.75 उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 25 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, विनायक दाएं छोर से 13वें स्थान पर है। यदि उत्कर्ष, विनायक के बाएं से चौथे स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से उत्कर्ष का स्थान क्या होगा?

Ans
- ✗ A. आठवां
- ✗ B. चौथा
- ✓ C. नौवां
- ✗ D. छठा

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✗ A. RON
- ✗ B. LIH
- ✗ C. YVU
- ✓ D. CAY

Q.77 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

FEL 17, KIQ 21, PMV 25, UQA 29, ?

Ans
- ✗ A. ZVG 33
- ✓ B. ZUF 33
- ✗ C. YUF 32
- ✗ D. YVG 32

Q.78 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

LG - OJ - QS
OJ - RM - TV

Ans
- ✗ A. JD - LG - NO
- ✗ B. JD - LH - NO
- ✓ C. ID - LG - NP
- ✗ D. ID - LG - NO

Q.79 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।) (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 8 2 6 6 3 1 8 6 4 2 2 8 4 3 4 9 9 3 7 4 6 1 6 (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

**Q.80** एक निश्चित कूट भाषा में, 'PWEA' को '90' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'QAMT' को '102' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'LJCV' का कूट क्या होगा?

**Ans**
- ✗ A. 97
- ✗ B. 86
- ✓ C. 94
- ✗ D. 91

**Q.81** मिस्टर वासु बिंदु A से शुरू करते हैं और पश्चिम दिशा की ओर 25 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, 15 km ड्राइव करते हैं, बाएं मुड़ते हैं और 51 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, 28 km ड्राइव करते हैं, बाएं मुड़ते हैं और 14 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 6 km ड्राइव करते हैं। वह अंत में दाएं मुड़ते हैं, 12 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✗ A. 9 km, पश्चिम दिशा की ओर
- ✗ B. 10 km, पूर्व दिशा की ओर
- ✓ C. 7 km, दक्षिण दिशा की ओर
- ✗ D. 8 km, उत्तर दिशा की ओर

**Q.82** उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(18, 6, 217)
(21, 6, 253)

**Ans**
- ✗ A. (24, 6, 287)
- ✗ B. (22, 5, 220)
- ✓ C. (23, 4, 185)
- ✗ D. (23, 6, 276)

**Q.83** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. JB - DN
- ✓ B. DV - PH
- ✗ C. TL - NX
- ✗ D. NF - HR

**Q.84** अमृता, बबलू की बहन है। बबलू, दीपक का भाई है। दीपक, मालती का पुत्र है और मालती, लखन की पत्नी है। नेहल, लखन का भाई है। नेहल का अमृता से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ A. पुत्र
- ✓ B. पिता का भाई
- ✗ C. भाई
- ✗ D. माता का भाई

**Q.85** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

MLJ HGE CBZ XWU ?

**Ans**
- ✗ A. SQO
- ✓ B. SRP
- ✗ C. STV
- ✗ D. SSO

Q.86 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

56 57 ? 70 86 111

Ans
- ✔ A. 61
- ✗ B. 64
- ✗ C. 62
- ✗ D. 63

Q.87 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से MKPT का संबंध QOTX से है। उसी प्रकार, ENSU का संबंध IRWY से है।
समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DHGR का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. HDRG
- ✗ B. QEIY
- ✗ C. FJIT
- ✔ D. HLKV

Q.88 संख्या 8254316 के प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✔ D. दो

Q.89 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) X P S A D U G L O E J F K I M C R T Q (दाएं)

श्रृंखला के दाएं छोर से पांचवें अक्षर और बाएं छोर से तीसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. छह
- ✗ B. चार
- ✗ C. सात
- ✔ D. पांच

Q.90 सात व्यक्ति P1, P2, P3, P4, P5, P6 और P7, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P5, P6 के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P6 के दाईं ओर से जांच करने पर, P1 और P6 के बीच ठीक दो व्यक्ति बैठे हैं। P2 और P1 के ठीक बीच में P3 बैठा है। P4 और P5 के ठीक बीच में P7 बैठा है। P6 के बाईं ओर से जांच करने पर, P4 और P6 के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✔ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.91 यदि संख्या 3184657 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक का भी नहीं
- ✔ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.92 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कुछ पावर सॉ, छेनी हैं। कुछ छेनी, रिंच हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ पावर सॉ, रिंच हैं।
निष्कर्ष (II): कोई भी पावर सॉ, रिंच नहीं है।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.93 सात बॉक्स, G, H, I, J, L, M और N, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
बॉक्स I को सबसे ऊपर से तीसरे स्थान पर रखा गया है। बॉक्स N को सबसे नीचे से तीसरे स्थान पर रखा गया है। N और J के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। I और H के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं।
बॉक्स M को L के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
सबसे नीचे किस बॉक्स को रखा गया है?

Ans
- ✗ A. L
- ✓ B. H
- ✗ C. J
- ✗ D. I

Q.94 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

Q18N O23P M28R K33T ?

Ans
- ✗ A. J36V
- ✓ B. I38V
- ✗ C. J40U
- ✗ D. I38U

Q.95 एक निश्चित तर्क के अनुसार, DO 9 का संबंध FL -5 से है। इसी प्रकार, EQ 3 का संबंध GN -11 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए KH 6 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. GY -11
- ✓ B. ME -8
- ✗ C. NI -14
- ✗ D. IE -7

Q.96 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

8 ? 29 50 78 113

Ans
- ✗ A. 14
- ✓ B. 15
- ✗ C. 18
- ✗ D. 16

Q.97 एक निश्चित कूट भाषा में, 'rest restores energy' को 'rk fj mg' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'positive energy attracts' को 'tw es fj' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'energy' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. es
- ✗ B. mg
- ✗ C. rk
- ✓ D. fj

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF


PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.




Topic-wise & Exam-wise PDFs | Download & Study Offline | Attempt as Mock & Track Score | Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

**Q.98** दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय हैं। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) 3 5 1 5 9 5 3 4 6 4 8 5 1 3 2 9 6 6 6 3 6 8 7 (दाएँ)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद में एक सम अंक भी है?

**Ans**
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. चार

**Q.99** दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कोई भी रेस कार, ट्रैक्टर नहीं है। कुछ ट्रैक्टर, ट्रेन हैं।

निष्कर्ष 1: कोई भी रेस कार, ट्रेन नहीं है।
निष्कर्ष 2: कुछ रेस कार, ट्रेन हैं।

**Ans**
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

**Q.100** वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

**Ans**
- ✗ A. DGI
- ✗ B. UXZ
- ✗ C. LOQ
- ✓ D. ZDE

"